Regarding need to develop Shringverpur Dham in Prayagraj district, Uttar Pradesh as a global tourist destination- laid

श्री प्रवीण पटेल **(**फूलपुर**) :** श्रृंगवेरपुर धाम रामायण काल का यह स्थल भगवान श्री राम और निषादराज गुह की अटूट मित्रता का प्रतीक है । यही वह स्थान है जहाँ प्रभु श्री राम ने वनवास जाते समय गंगा नदी पार की थी । धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से इतना महत्वपूर्ण होने के बावजूद, यहाँ पर्यटन सुविधाओं का अपेक्षित विस्तार अभी भी शेष है । हमारी मांगें निम्नलिखित हैं: रामायण सर्किट में प्रमुखता: श्रृंगवेरपुर धाम को स्वदेश दर्शन योजना के तहत रामायण सर्किट के एक प्रमुख केंद्र के रूप में शामिल कर यहाँ बुनियादी ढांचे का व्यापक विस्तार किया जाए । गंगा तट पर स्थित घाटों का पक्का निर्माण, आरती स्थल का आधुनिकीकरण और एक सुंदर रिवर फ्रंट विकसित किया जाए ताकि श्रद्धालु और पर्यटक यहाँ आकर्षित हो सकें । संग्रहालय और लाइट-एंड-साउंड शो: निषादराज गुह और श्री राम के प्रसंगों को दर्शाने वाला एक अत्याधुनिक डिजिटल संग्रहालय और लाइट-एंड-साउंड शो शुरू किया जाए, जिससे नई पीढ़ी को अपनी विरासत की जानकारी मिल सके । परिवहन कनेक्टिविटी: श्रृंगवेरपुर को प्रयागराज शहर और अन्य प्रमुख तीर्थ स्थलों से जोड़ने के लिए बेहतर सड़क मार्ग और नियमित परिवहन सेवाओं की व्यवस्था की जाए । निवेदन है कि श्रृंगवेरपुर धाम की ऐतिहासिकता और आस्था को सम्मान देते हुए इसे एक विश्व स्तरीय पर्यटन गंतव्य के रूप में विकसित किया जाये ।